कार्यालय भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय जयपुर

एसीबी ने कनिष्ठ अभियंता को **10** हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया

जयपुर 7 नवंबर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) झुंझुनू की टीम ने मंगलवार को कार्यवाही करते हुए जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के बुहाना खंड जिला झुंझुनू के कनिष्ठ अभियंता रविंद्र कुमार मेघवाल को 10 हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो महानिरिक्षक श्री सचिन मित्तल ने बताया कि परिवादी प्रमोद कुमार ने एसीबी में यह शिकायत दी कि विद्युत विभाग कार्यालय बुहाना जिला झुंझुनू के कनिष्ठ अभियंता रविंद्र कुमार उसके नलकूप विद्युत कनेक्शन को दूसरी जगह शिफ्ट करने के उपरांत उससे 10 हजार रूपये की रिश्वत की राशि की मांग कर रहा है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो निरीक्षक झुंझुनू श्री हवा सिंह के नेतृत्व में उक्त मांग का सत्यापन किया एवं सत्यापन के दौरान कनिष्ठ अभियंता रविंद्र कुमार ने 2 हजार रूपये की राशि एवं आज 8 हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया एवं अग्रिम कार्यवाही जारी है।